प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

16.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मुख्यमंत्री प्रवास

दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से दस दिवसीय कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास पर रहेंगे। कांगड़ा जिला के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 2 दिन के लिए मनाली जाएंगे, जहां पर वह राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे तथा माता हिडिम्बा के दर्शन करने के अलावा कई सरकारी योजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। मुख्यमंत्री आज धर्मशाला पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो गया है। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में इसकी सक्रियता बनी हुई। इस बीच आज सुबह से ही शिमला सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा हो रही है। जबकि जिला शिमला के छराबड़ा, कुफरी, फागू, नारकंडा और रोहडू सहित जनजातीय जिला किन्नौर में बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 नारकंडा के पास यातायात के लिए अवरूद्ध हो गया है। इसकी वजह से यातायात को वाया सैंज से लूहरी होते हुए शिमला के लिए परिवर्तित किया गया है। सडक बहाली का काम जारी है। बारिश बर्फबारी के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे संवादाता

स्टार्टअप इंडिया.

स्टार्टअप इंडिया आज 9 साल पूरे करने जा रहा है। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक लाख 54

हजार से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी गई है। हिमाचल प्रदेश में स्टार्टअप से रोजगार के नए अवसर सृजन हो रहे हैं।

## सब्सिडी

प्रदेश बोर्ड लिमिटेड के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने घरेलु विद्युत उपभोक्ताओं के लिए स्वेच्छा से सब्सिडी छोड़ने के लिए कल से एक विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस अवसर पर संजय गुप्ता ने सब्सिडी छोड़ने संबंधी फार्म स्थानीय सिटी विद्युत मंडल के अधिशासी अभियन्ता को सौंप कर इस अभियान की शुरूआत की। संजय गुप्ता ने बताया कि इस इस विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के आर्थिक विकास के आम आदमी की सहभागिता के बारे में बताया जाएगा।

## राजेश धर्माणी

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कल ओडिशा में राजकीय बहु तकनीकी कॉलेज भुवनेश्वर का दौरा किया। मंत्री ने कहा कि इस संस्थान में बेसिक कौसमेटोलोजी में तीन साल का कोर्स चल रहा है। इस तरह के प्रोग्राम हिमाचल प्रदेश में भी चलाए जा सकते हैं जिससे कि युवा अपना व्यवसाय शुरू कर सके। राजेश धर्माणी ने इसके बाद वर्ल्ड स्किल सेंटर का दौरा भी किया। उन्होंने डब्ल्यू.सी. एस मैनेजमेंट से हिमाचल प्रदेश के प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षकों के लिए कोर्स डिजाइन करने के लिए कहा ताकि वे नई तकनीक के बारे में जानकारी हासिल कर सकें।

## अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **हिमाचल में चार आई ए एस अधिकारियों को सचिव रैंक, 13 अन्य का भी बढ़ा ग्रेड। दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण** की लगभग एक जैसी सुर्खी है **17 आई ए एस किए प्रमोट, रोहन चंद, आर के पुरथी व विनोद कुमार को सेक्रेटरी रैंक।**